# खण्ड–अ ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें :**

**$50 \times 1 = 50$**

1. **'मिलनसार' शब्द में प्रत्यय है :**
(A) र (B) र् (C) सर (D) सार

2. **'निर्भय' शब्द में उपसर्ग है :**
(A) निर् (B) नि (C) निभ (D) निर्भ

3. **निम्न में 'सार्वनामिक विशेषण' का उदाहरण कौन है ?**
(A) बड़ा-सा मकान (B) कोई आदमी
(C) चार गज मलमल (D) तीस दिन

4. **'वह घर से बाहर आया'—किस कारक का उदाहरण है ?**
(A) सम्प्रदान कारक (B) सम्बन्ध कारक
(C) अपादान कारक (D) अधिकरण कारक

5. **'सोना ( धातु )' शब्द कौन लिंग है ?**
(A) स्त्रीलिंग (B) तद्भव स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग (D) पुलिंग

6. **'तोता' शब्द कौन संज्ञा है ?**
(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक
(C) भाववाचक (D) द्रव्यवाचक

7. **'सत्याग्रह' शब्द का संधि-विच्छेद है :**
(A) सत्या + ग्रह (B) सत्य + आग्रह
(C) सत् + आग्रह (D) स + त्याग्रह

8. **'घ' का उच्चारण-स्थान है ?**
(A) तालु (B) मूर्द्धा (C) कंठ (D) ओष्ठ

9. **'महोत्सव' शब्द का संधि-विच्छेद है :**
(A) महो + त्सव (B) महा + त्सव (C) महोत्स + व (D) महा + उत्सव

10. **'बात बनाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?**
(A) बहाना करना (B) बहस छिड़ना
(C) बोलने से रोकना (D) विरोध में खड़ा होना

**11. 'विमल बुद्धि हो तासुकी, जो यह गुन श्रवननि धरै'—यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?**

(A) कड़बक (B) कवित्त (C) पद (D) छप्पय

**12. 'शिवराज भूषण' में कितने अलंकारों का निरूपण हुआ है ?**

(A) 105 (B) 104 (C) 102 (D) 103

**13. चिंतामणि त्रिपाठी और मतिराम, भूषण के कौन थे ?**

(A) दोस्त के रूप में (B) भाई के रूप में

(C) चाचा के रूप में (D) मामा के रूप में

**14. 'तितली' उपन्यास किनकी रचना है ?**

(A) रघुवीर सहाय (B) विनोद कु० शुक्ल

(C) जयशंकर प्रसाद (D) अशोक वाजपेयी

**15. जयशंकर प्रसाद के ज्येष्ठ भ्राता का क्या नाम था ?**

(A) शिवशंकर प्रसाद (B) विजयशंकर प्रसाद

(C) रविशंकर प्रसाद (D) शंभु रतन

**16. सुभद्रा कुमारी चौहान और महादेवी वर्मा किस स्कूल में एक साथ पढ़ती थी ?**

(A) क्रास्थवेट गर्ल्स स्कूल, इलाहाबाद

(B) संत जेवियर्स स्कूल, पटना
(C) जीनपॉल स्कूल, आरा (D) बुनियादी विद्यालय, मोतीहारी

**17. 'गुलामी का नशा' नामक नाटक के लेखक कौन है ?**
(A) ठाकुर दयाल सिंह (B) ठाकुर लक्ष्मण सिंह
(C) ठाकुर रघुवंश सिंह (D) ठाकुर जीतन सिंह

**18. 'छोड़ काम दौड़ कर आई 'माँ' कहकर जिस समय पुकारा'—किस कविता की पंक्ति है?**
(A) उषा (B) हार-जीत (C) पुत्र-वियोग (D) गाँव का घर

**19. शमशेर बहादुर सिंह की रचना निम्न में कौन है ?**
(A) सतह से उठता आदमी (B) लोग भूल गए हैं
(C) खिलेगा तो देखेंगे (D) टूटी हुई बिखरी हुई

**20. गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म कब हुआ था ?**
(A) 1916 ई० (B) 1917 ई० (C) 1915 ई० (D) 1918 ई०

**21. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता के रचनाकार कौन है ?**
(A) ज्ञानेंद्रपति (B) भगत सिंह
(C) शरद बिल्लौरे (D) उदय प्रकाश

**22. 1995 ई0 में 'परिवेश सम्मान' किसे प्राप्त हुआ ?**
(A) बालकृष्ण भट्ट को (B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी को
(C) मोहन राकेश को (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि को

**23. 'जूठन' शीर्षक पाठ में, "किसने झाड़ू छीनकर दूर फेंक दी ?"**
(A) लेखक के पिताजी ने (B) लेखक ने
(C) लेखक के भाई ने (D) लेखक की माँ ने

**24. 1870–90 ई0 के बीच गाइ-डि-मोपासाँ की कविता की कितनी पुस्तक प्रकाशित हुई ?**
(A) तीन (B) एक (C) दो (D) चार

**25. 'रस्सी का टुकड़ा' शीर्षक पाठ के अनुसार 'काले चमड़े के बटुआ में क्या है ?'**
(A) दो सौ फ्रेंक और कागजात (B) चार सौ फ्रेंक और कागजात
(C) छह सौ फ्रेंक और कागजात
(D) पाँच सौ फ्रेंक और व्यापार से संबंधित कागजात

**26. कारमेन पहले कितने बच्चों को खो चुकी थी ?**

(A) दो (B) चार (C) तीन (D) छह

**27. 'ज' का उच्चारण-स्थान क्या है ?**

(A) मूर्द्धा (B) तालु (C) दंत (D) ओष्ठ

**28. "कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग"—किस व्यंजन वर्ण के अन्तर्गत आते हैं ?**

(A) अंतःस्थ व्यंजन (B) उष्म व्यंजन

(C) स्पर्श व्यंजन (D) इनमें से कोई नहीं

**29. 'नीरोग' शब्द का संधि-विच्छेद है :**

(A) नी + रोग (B) नीरो + ग (C) नि + रोग (D) निः + रोग

**30. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?**

(A) तात्कालिक (B) तत्व (C) शसि (D) हिंदु

**31. 'विंध्याचल' शब्द संज्ञा है :**

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक (C) समूहवाचक (D) द्रव्यवाचक

**32. 'मुँह' शब्द लिंग है :**

(A) स्त्रीलिंग (B) उभयलिंग (C) पुंलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

**33. 'शय्या' शब्द है :**

(A) तत्सम (B) तद्भव (C) देशज (D) विदेशज

**34. 'चंचल' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?**

(A) चंचली (B) चंचला (C) चंचिल (D) चंचलानी

**35. निम्न में 'सम्बोधन कारक' का विभक्ति चिह्न कौन है ?**

(A) ने (B) से (C) अरे (D) को

36. 'शीला ने सावित्री को जी भर कोसा'—किस कारक का उदाहरण है ?
(A) करण कारक (B) सम्प्रदान कारक
(C) अपादान कारक (D) कर्म कारक

37. जब कोई शब्द वाक्य में पिरो दिए जाते हैं, तब क्या कहलाते हैं ?
(A) शब्द (B) पद (C) लिंग (D) वचन

38. निम्न में द्रव्यवाचक संज्ञा कौन है ?
(A) मिठास (B) बिजली (C) पानी (D) कलम

39. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं ?
(A) तीन (B) चार (C) आठ (D) ग्यारह

40. 'वह कौन है, जो वहाँ सो रहा है'—किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
(A) संबंधवाचक (B) निश्चयवाचक
(C) अनिश्चयवाचक (D) प्रश्नवाचक

41. गजानन माधव मुक्तिबोध ने किस विश्वविद्यालय से एम०ए० उत्तीर्ण किया ?
(A) नागपुर विश्वविद्यालय से (B) लखनऊ विश्वविद्यालय से
(C) राँची विश्वविद्यालय से (D) पटना विश्वविद्यालय से

42. 'कामायनी : एक पुनर्विचार' किनकी रचना है ?
(A) विनोद कुमार शुक्ल (B) गजानन माधव मुक्तिबोध
(C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय
(D) मलिक मुहम्मद जायसी

43. राष्ट्रीय त्योहार के दिन हरचरना क्या पहने हुए है ?
(A) फटा कुर्ता (B) फटा पैजामा (C) फटी धोती (D) फटा सुथन्ना

44. निम्न में कौन कविता-संकलन विनोद कुमार शुक्ल का है ?
(A) 'वह आदमी नया गरम कोट पहनकर चला गया विचार की तरह'
(B) 'उम्मीद का दूसरा नाम'
(C) 'कवि ने कहा' (D) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है'

45. "एक तार लोहे का लंवा लकड़ी के दो खंवों पर तना बँधा हुआ बाहर"—यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से उद्धृत है ?
(A) पुत्र वियोग (B) उषा
(C) प्यारे नन्हें वेटे को (D) हार-जीत

**46. 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता किस कविता संकलन से संकलित है?**
(A) अष्टयाम (B) शिवा बावनी
(C) लहर
(D) वह आदमी नया गरम कोट पहनकर चला गया

**47. अशोक वाजपेयी का जन्म कब हुआ था ?**
(A) 16 जनवरी, 1941 ई० (B) 10 जनवरी, 1942 ई०
(C) 14 जनवरी, 1943 ई० (D) 15 जनवरी, 1944 ई०

**48. 'पेड़ पर कमरा' का अनुवाद किस भाषा में हुआ है ?**
(A) फ्रेंच भाषा में (B) इतालवी भाषा में
(C) मैथिली भाषा में (D) जापानी भाषा में

**49. भगत सिंह का संपूर्ण परिवार क्या था ?**
(A) व्यापारी (B) नौकरी पेशा (C) स्वाधीनता सेनानी (D) वैज्ञानिक

**50. 'आत्महत्या एक घृणित अपराध है, यह पूर्णतः कायरता का कार्य है।'— यह कथन किसका है ?**
(A) शमशेर बहादुर सिंह का (B) अशोक वाजपेयी का
(C) रघुवीर सहाय का (D) भगत सिंह का

**51. बालकृष्ण भट्ट के पिता पेशे से क्या थे ?**
(A) चिकित्सक (B) व्यापारी (C) शिक्षक (D) समाजसेवी

**52. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी के लेखक है :**
(A) जयप्रकाश नारायण (B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (D) नामवर सिंह

**53. 'उसने कहा था' कहानी में लहना सिंह कहाँ का रहनेवाला था ?**
(A) कलानौर का (B) मगरे का (C) रंजीत बाग का (D) माँझे का

**54. 'लोकनायक' के रूप में कौन प्रसिद्ध हुए ?**
(A) बालकृष्ण भट्ट (B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) जयप्रकाश नारायण (D) जे० कृष्णमूर्ति

**55. 1974 ई० में जयप्रकाश नारायण ने किस आंदोलन का नेतृत्व किया ?**
(A) मुण्डा विद्रोह का (B) किसान आंदोलन का
(C) 1857 ई० के आंदोलन का (D) छात्र आंदोलन का

**56. दलविहीन लोकतंत्र किस विचार का मुख्य राजनीतिक सिद्धांत है ?**
(A) सर्वोदय विचार का (B) क्रांतिकारी विचार का
(C) समन्वयवादी विचार का (D) अलगाववादी विचार का

**57. रामधारी सिंह दिनकर के पिता का क्या नाम था ?**
(A) जय सिंह (B) रवि सिंह (C) राणा सिंह (D) फूल सिंह

**58. निम्न में रामधारी सिंह दिनकर की रचना कौन है ?**
(A) शिशुपाल वध (B) नल दमयंती
(C) उर्वशी (D) रहस्य कथा

59. 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ में कौन स्वयं वृंत बन गया और नारी को उसने कली मान लिया ?
(A) युवक (B) युवती (C) जनता (D) पुरुष

60. "नारी तो हम हूँ करी, तव न किया विचार । जब जानी तब परिहरी, नारी महाविकार"—यह पंक्ति किस पाठ से है ?
(A) अर्धनारीश्वर (B) शिक्षा (C) सिपाही की माँ (D) तिरिछ

61. जगदीशचंद्र माथुर ने किस विश्वविद्यालय से एम०ए० उत्तीर्ण किया ?
(A) इलाहाबाद विश्वविद्यालय से (B) कलकत्ता विश्वविद्यालय से
(C) लखनऊ विश्वविद्यालय से (D) काशी हिंदू विश्वविद्यालय से

62. 'ओ मेरे सपने' शीर्षक एकांकी किनकी रचना है ?
(A) जे० कृष्णमूर्ति (B) जगदीशचंद्र माथुर
(C) मोहन राकेश (D) उदय प्रकाश

63. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ के अनुसार—'सुलतान ने घोड़े से उतरकर किस पर आघात किया ?'
(A) नीम के तने पर (B) पीपल के तने पर
(C) विशाल विटप के तने पर (D) सागौन के तने पर

64. दक्षिण बिहार के गया जिले से किस जाति के लोगों को चंपारण में नील की खेती के लिए लाया गया ?
(A) ब्राह्मण (B) क्षत्रिय (C) कुम्हार (D) भुइँया

65. राजकुमार शुक्ल की मृत्यु कब हुई ?
(A) 1930 ई० के आसपास (B) 1936 ई० के आसपास
(C) 1937 ई० के आसपास (D) 1938 ई० के आसपास

66. मोहन राकेश का जन्म कहाँ हुआ था ?
(A) महुई, आजमगढ़ (B) जंडीवाली गली, अमृतसर
(C) अनूपपुर, मध्य प्रदेश (D) लखनऊ, उत्तर प्रदेश

67. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में, कुंती कौन है ?
(A) बिशनी की माँ (B) बिशनी की चाची
(C) बिशनी की पड़ोसन (D) बिशनी की भाभी

68. नामवर सिंह के पी-एच०डी० का विषय क्या था ?
(A) श्रीलाल शुक्ल के राजनीतिक चेतना
(B) नाटकों में मिथकीय आयाम
(C) हिंदी कहानी में मुस्लिम जीवन संदर्भ
(D) पृथ्वीराज रासो की भाषा

69. 'वाद विवाद संवाद' क्या है ?
(A) आलोचनात्मक निबंधों की पुस्तक (B) कविता संग्रह
(C) कहानी संग्रह (D) नाट्य संग्रह

70. आचार्य रामचंद्र शुक्ल को 'सूरसागर' परिसीमित लगा, क्योंकि वह :
(A) प्रबंधकाव्य है (B) गीतिकाव्य है
(C) कहानी संग्रह है (D) कविता संग्रह है

71. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का जन्म कब हुआ था ?
(A) 4 दिसम्बर, 1911 ई० (B) 7 मार्च, 1911 ई०
(C) 8 जुलाई, 1912 ई० (D) 7 अगस्त, 1914 ई०

72. जायसी ने अपनी आँख की तुलना किससे की है ?
(A) आकाश से (B) फूल से (C) दर्पण से (D) सूर्य से

73. निम्न में कौन कृति जायसी की नहीं है ?
(A) पद्मावत (B) अखरावट (C) चित्ररेखा (D) भक्तमाल

74. 'राधारसकेलि' किसकी रचना है ?
(A) सूरदास (B) जायसी (C) नाभादास (D) तुलसीदास

75. किसकी रचना 'श्रीमद्भागवत' की पद्धति पर द्वादश स्कंधों में हुई है ?
(A) 'राधारसकेलि' की (B) 'सूरसागर' की
(C) 'सूरसारावली' की (D) 'साहित्यलहरी' की

76. तुलसीदास के दीक्षा गुरु कौन थे ?
(A) नरोत्तमदास (B) नरेनदास (C) नरहरिदास (D) नवीनदास

77. निम्न में कौन रचना तुलसीदास की है ?
(A) शिवा बावनी (B) मसलानामा (C) लहर (D) दोहावली

78. 'हनुमान बाहुक' रचना कितने छंदों की है ?
(A) 44 (B) 45 (C) 46 (D) 47

79. 'रामचरितमानस' निम्न में क्या है ?
(A) गीतिकाव्य (B) महाकाव्य (C) खंडकाव्य (D) इनमें से कोई नहीं

80. 'छप्पय' के अनुसार—सबके हित का वचन कौन कहता है ?
(A) रहीम (B) जायसी (C) कबीर (D) तुलसी

81. 'बीस किलो चावल' कौन विशेषण है ?
(A) संख्यावाचक विशेषण (B) परिमाणबोधक विशेषण
(C) गुणवाचक विशेषण (D) सार्वनामिक विशेषण

82. 'राम सोता है' कौन क्रिया है ?
(A) सकर्मक क्रिया (B) अकर्मक क्रिया
(C) द्विकर्मक क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

**83. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है'—किस 'काल' का उदाहरण है ?**

(A) वर्तमान काल (B) भूत काल

(C) भविष्यत काल (D) सामान्य भविष्य

**84. निम्न में अव्यय कौन है ?**

(A) मौसम (B) बल्कि (C) वह (D) आप

**85. 'उपस्थिति' शब्द में उपसर्ग है :**

(A) उ (B) प (C) उप (D) उप्

**86. 'शक्ति' शब्द में प्रत्यय है :**

(A) क्ति (B) ती (C) क्त (D) ति

**87. 'अजय' शब्द का विशेषण है :**

(A) अजित (B) अधिकारी (C) उजागर (D) आग्नेय

**88. दो पदों का योग किसमें होता है ?**

(A) वर्ण में (B) समास में (C) संधि में (D) अव्यय में

**89. 'विद्यासागर' शब्द कौन समास है ?**

(A) द्विगु (B) द्वंद्व (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

**90. 'अग्नि' का तद्भव रूप क्या है ?**

(A) अगन (B) गरम (C) अगिन (D) आग

**91. 'सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा'—किस वाक्य का उदाहरण है ?**

(A) संयुक्त वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

**92. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?**

(A) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए

(B) चाहे जैसे भी हो, तुक वहाँ जाओ

(C) मुझसे यह काम संभव नहीं

(D) शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा खेद हुआ

**93. 'महादेव' शब्द का पर्यायवाची है :**

(A) सुधी (B) कोविद (C) बुध (D) शंकर

**94. 'दूषित' शब्द का विलोम है :**

(A) स्वच्छ (B) दुर्बल (C) दुष्ट (D) देय

**95. 'जो नया आया हुआ हो'—के लिए एक शब्द है :**

(A) आगंतुक (B) नवागंतुक (C) अज्ञ (D) अतीत

**96. 'घर का न घाट का'—मुहावरे का अर्थ क्या है ?**

(A) मौका ताकना (B) जवाब न देना

(C) कहीं का नहीं (D) क्षमा करना

**97. 'हलवाई' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है :**

(A) हलविन (B) हलुआइन (C) हलुवानी (D) हलवाइन

**98. 'हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते ?'—कौन सर्वनाम है ?**

(A) प्रश्नवाचक (B) निश्चयवाचक

(C) निजवाचक (D) संबंधवाचक

**99. 'काम में लगा हुआ आदमी'—कौन पदबंध है ?**

(A) सर्वनाम-पदबंध (B) विशेषण-पदबंध

(C) क्रिया-पदबंध (D) संज्ञा-पदबंध

**100. 'यथासंभव' शब्द कौन समास है ?**

(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि (C) अव्ययीभाव (D) द्वंद्व